इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

आवेदन

1. मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए कैसे आवेदन करूं?
2. अगर मेरा मकान मालिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेना चाहे तो क्या होगा?

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

3. मुझे कितनी सहायता मिल सकती है?
4. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों को स्वीकृत आवेदकों में कैसे वितरित किया जाएगा?
5. यदि मेरा आवेदन स्वीकार हो जाता है तो क्या मुझे अनुदानों का वापिस भुगतान करना पड़ेगा?
6. आवेदन स्वीकार होने की सूरत में क्या किराएदार इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों पर कर का भुगतान करेंगे?
7. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम बिजली-पानी की उपयोगिताओं का भुगतान करेगा?
8. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम का अनुदान समाप्त हो सकता है?
9. क्या उन लोगों के लिए सहायता उपलब्ध है जो अपने घर के मालिक हैं?

पात्रता

10. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त करने के लिए कौन पात्र है?
11. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम सहायता के लिए अप्रवास की स्थिति की कोई आवश्यकताएं हैं?
12. यदि मुझे पूर्व में IHDA से आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई हो तो क्या मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त कर सकता/सकती हूं?
13. जो किरायेदार सार्वजनिक आवास में रहते हैं या धारा 8/आवास विकल्प वाउचर प्राप्त कर रहे हैं क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के पात्र हैं?

आवश्यक दस्तावेज़

14. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए मुझे किस जानकारी की आवश्यकता होगी?
15. क्या मुझे आवेदन करने के लिए लीज़ की आवश्यकता है?
16. क्या मुझे आवेदन करने के लिए सामाजिक सुरक्षा नंबर की आवश्यकता है?

समीक्षा प्रक्रिया से गुज़रना

17. आवेदन के मेरे भाग को पूरा करने के बाद क्या होगा?
18. मैं अपने जमा किए गए आवेदन की स्थिति की जांच कैसे कर सकता/सकती हूं?
19. क्या IHDA पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करने के लिए लॉटरी प्रणाली का उपयोग करेगा?
20. मुझे कब सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?
21. मुझे कैसे सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

अधिक जानकारी

22. क्या मैं अपने शहर या काउंटी द्वारा प्रस्तावित अन्य आपातकालीन किराया सहायता कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकता/सकती हूं?

23. क्या इन अनुदानों का इंतजार करते समय किरायेदारों को घर से निष्कासित किया जा सकता है?
24. मुझे कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अतिरिक्त सहायता कहां मिल सकती है?
25. मैं कार्यक्रम के बारे में प्रश्नों के लिए किससे संपर्क करूं?
26. अगर मुझे लगता है कि इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के मामले में कोई व्यक्ति IHDA को झूठी जानकारी दे रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

अक्सर पूछे जाते प्रश्न

- ***लागू होने के अनुसार इस दस्तावेज़ में शामिल जानकारी को नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा***
- **आवास प्रदाता अब एक ILRPP आवेदन शुरू नहीं कर सकते हैं। आवास प्रदाता के नेतृत्व वाली आवेदन अवधि 13 जून, 2021 को बंद होगई। किरायेदार के नेतृत्व वाला आवेदन पोर्टल 28 जून से 18 जुलाई, 2021 तक खुला रहेगा। किरायेदार जिनके आवास प्रदाताओं ने एक आवेदन शुरू नहीं किया है या जो अपना आवेदन पूरा करने की समय अवधि से चूक गए हैं वे आवेदन कर सकते हैं और अपने मकान मालिक को भाग लेने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।**

आवेदन

1. **मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के लिए कैसे आवेदन करूं?**
   - ILRPP आवेदन एक संयुक्त आवेदन है जो किरायेदार के साथ शुरू होता है। किरायेदार द्वारा अपना हिस्सा पूरा कर लेने के बाद, आवास प्रदाता से, आवेदन के अपने हिस्से को पूरा करने के निर्देशों के साथ, ईमेल से संपर्क किया जाएगा। **सभी ILRPP आवेदनों को ILRPP.IHDA.org पर ऑनलाइन जमा करना आवश्यक है।** आवेदन को तब तक पूरा नहीं माना जाएगा जब तक कि किरायेदार और आवास प्रदाता दोनों संयुक्त आवेदन के अपने-अपने हिस्सों को पूरा नहीं कर लेते हैं।

   - जिन किरायेदारों को ऑनलाइन आवेदन करने में बाधाएं आती हैं उनकी मदद के लिए हाउसिंग स्टेबिलिटी सर्विसर (HSS) के संघटन मौजूद हैं। उपलब्ध HSS एजेंसी से जुड़ने के लिए IHDA के ILRPP कॉल सेंटर से 1-866-IL-HELP1 (454- 3571) पर संपर्क करें या हमारी वेबसाइट पर जाएँ: हाउसिंग स्टेबिलिटी सर्विसर प्रोवाइडर्स (HSS)

2. **अगर मेरा मकान मालिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेना चाहे तो क्या होगा?**
   - यदि कोई आवास प्रदाता भाग नहीं लेना चाहता है या अनुत्तरशील है, तो किरायेदार अब भी सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। कृपया www.IHDA.org में सूचीबद्ध HSS एजेंसियों में से किसी एक से संपर्क करें। वे ILRPP सहायता के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में आपकी मदद करेंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया प्रश्न 18 देखें।

कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

3. **मुझे कितनी सहायता मिल सकती है?**
   - जिन किरायेदारों के आवेदन स्वीकृत होंगे, उन्हें उनकी विशिष्ट आवश्यकता के अनुरूप एकमुश्त अनुदान प्राप्त होगा, जिसका भुगतान सीधे उनके आवास प्रदाता को किया जाएगा। अनुदान राशि अलग-अलग होगी, और अधिकतम अनुदान राशि $25,000 प्रति किरायेदार होगी। सहायता में 15 महीने तक की आपातकालीन

किराये की सहायता, 12 महीने तक के छूटे हुए किराए के भुगतान और भविष्य के किराए के तीन महीने तक के भुगतान शामिल होंगे। कवरेज की अवधि जुलाई 2020 से सितंबर 2021 तक है।

4. **इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों को स्वीकृत आवेदकों में कैसे वितरित किया जाएगा?**
   - यदि किरायेदार के आवेदन को स्वीकार किया जाता है तो IHDA आवेदन में प्रदान की गई भुगतान जानकारी का उपयोग करके चेक के रूप में किराएदार की तरफ़ से सीधे उनके मकान मालिक को अनुदान का भुगतान जारी करेगा।

5. **यदि मेरा आवेदन स्वीकृत हो जाता है तो क्या मुझे अनुदानों का वापिस भुगतान करना पड़ेगा?**
   - नहीं, यह सहायता अनुदान है और किरायेदार या मकान मालिक से पुनर्भुगतान आवश्यक नहीं है।

6. आवेदन स्वीकार होने की सूरत में क्या किराएदार इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के अनुदानों पर कर का भुगतान करेंगे?**?**
   - नहीं, ILRPP को किराए के घरों को दी जाने वाली सहायता को कर उद्देश्यों के लिए आय नहीं माना जाता है।

7. **क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम बिजली-पानी उपयोगितायों के लिए भुगतान करेगा?**
   - नहीं, अधिक से अधिक किराएदारों को सहायता प्रदान करने के लिए, ILRPP अनुदान केवल जुलाई 2020 से सितंबर 2021 की अवधि के लिए किराए के भुगतान को कवर करेगा।

8. **क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम का अनुदान समाप्त हो सकता है?**
   - आपातकालीन सहायता संघीय सरकार द्वारा प्रदान की जाती है और हमारा मानना है कि इलिनॉय के पास उन सभी निवासियों की सहायता के लिए पर्याप्त धन मौजूद है जिनकी पुष्टि सहायता के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले के तौर पर की गई है।

9. **क्या उन लोगों के लिए कोई सहायता मौजूद है जो अपने घर के मालिक हैं?**
   - दुर्भाग्य से, इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम केवल किराएदारों के लिए उपलब्ध है। हालांकि, IHDA पतझड़ 2021 में एक गिरवी-सहायता कार्यक्रम की पेशकश करेगा। कार्यक्रम से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, आने वाले महीनों में उपलब्ध होगी। इस बीच, घर के मालिकों को उनकी विशिष्ट स्थिति पर चर्चा करने के लिए अपने गिरवी सेवक (वह एजेंसी जो आपके गिरवी विवरण भेजती है) से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पात्रता

10. **इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त करने के लिए कौन पात्र है?**
    - इलिनॉय के किराएदार ILRPP सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते हैं यदि:
      - परिवार को बेघर होने या आवास अस्थिरता का खतरा है (अर्थात घर को पिछले देय किराए या बेदखली नोटिस प्राप्त हुआ है)
      - परिवार इलिनॉय में रहता है और अपने घर को अपने प्राथमिक निवास के रूप में किराए पर लेता है।

- स्थान के लिए कुल सकल आय 80% क्षेत्र औसत आय से अधिक नहीं हो सकती है (काऊंटी की आय सीमाएं यहांदेखें)।
- परिवार ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण एक वित्तीय कठिनाई का अनुभव किया है जिसमें आय में कमी या खर्चों में वृद्धि शामिल है।

11. क्या इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम सहायता के लिए अप्रवास की स्थिति की कोई आवश्यकताएं हैं?

- नहीं, ILRPP सहायता अप्रवास की स्थिति की परवाह किए बिना इलिनॉय में सभी पात्र किराएदारों के लिए उपलब्ध है। ILRPP सहायता "पब्लिक चार्ज" का लाभ नहीं है।

12. अगर मुझे पूर्व में IHDA से आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई है तो क्या मैं इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम से सहायता प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

- हां, निवासी ILRPP सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं, भले ही उन्हें अतीत में आपातकालीन किराये की सहायता मिली हो। हालांकि, यदि किसी किरायेदार को 2020 में पिछले-देय किराए को कवर करने के लिए आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त हुई है, तो वे 2021 में केवल पिछले-देय/अपेक्षित किराए के लिए ILRPP सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

13. जो किरायेदार सार्वजनिक आवास में रहते हैं या धारा/8 आवास विकल्प वाउचर प्राप्त कर रहे हैं क्या वे इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए पात्र हैं?

- इस समय नहीं - भविष्य में कार्यक्रम के अपडेटज़ के लिए कृपया www.IHDA.org पर जाएं। अगर परिवारों ने आय में बदलाव का अनुभव किया है तो इन स्थितियों में उन्हें किराए के समायोजन के लिए अपने कार्यक्रम संचालक से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

आवश्यक दस्तावेज़

14. इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए मुझे किस जानकारी की आवश्यकता होगी?

- आवेदन करने के लिए किरायेदारों को निम्नलिखित जानकारी की आवश्यकता होगी:
  - सरकार द्वारा जारी फोटो आईडी
  - बिजली-पानी उपयोगिता बिल या पते का प्रमाण (यदि आपकी आईडी पर दिया पता आपका वर्तमान पता नहीं है)
  - मासिक किराया और पिछली देय राशि
  - 2020 में परिवार आय का प्रमाण
  - सार्वजनिक सहायता का प्रमाण (यदि लागू हो)
  - कार्यक्रम की शर्तों पर सहमति
  - मान्य ईमेल पता

15. क्या मुझे आवेदन करने के लिए लीज़ की आवश्यकता है?

- यदि उपलब्ध हो तो मकान मालिकों के लिए अपने आवेदन में एक वर्तमान लीज़ प्रदान करना आवश्यक है। हालांकि, यदि कोई वर्तमान लीज़ उपलब्ध नहीं है तो भी आप सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

16. क्या मुझे आवेदन करने के लिए सामाजिक सुरक्षा नंबर की आवश्यकता है?

- नहीं, सामाजिक सुरक्षा नंबर (SSN) या व्यक्तिगत करदाता आईडी नंबर (ITIN) किरायेदारों के लिए आवश्यक नहीं है ।

समीक्षा प्रक्रिया से गुज़रना

17. मेरे आवेदन के अपने भाग को पूरा करने के बाद क्या होता है?

- किरायेदार द्वारा अपनी जानकारी जमा करने के बाद संयुक्त आवेदन पूरा हो जाता है। इस समय किसी अन्य कार्यवाई की आवश्यकता नहीं है।

18. मैं अपने जमा किए गए आवेदन की स्थिति की जांच कैसे कर सकता/सकती हूं?

- किरायेदार द्वारा आवेदन के खंड I और खंड II को पूरा करने के बाद, आवास प्रदाता को आवेदन के खंड III को पूरा करने के लिए एक लिंक प्राप्त होगा। आवास प्रदाता द्वारा अपने हिस्से का आवेदन जमा किए जाने के बाद, आवेदन, समीक्षा के लिए IHDA की कतार में प्रवेश करेगा।
- 18 जुलाई 2021 को आवेदन पोर्टल बंद होने के बाद, किरायेदार और आवास प्रदाता दोनों द्वारा किए गए आवेदन, समीक्षा और वित्तपोषण के योग्य होंगे। यदि आवास प्रदाता ने आवेदन के अपने भाग को पूरा नहीं किया है, तो इसे एक अनुत्तरशील आवास प्रदाता आवेदन माना जाएगा। अनुत्तरशील आवास प्रदाता आवेदन को समीक्षा के योग्य बनने के लिए एक विशेष प्रक्रिया से होकर गुजरना होगा। IHDA द्वारा अतिरिक्त निर्देशों के साथ उन किरायेदारों से संपर्क किया जाएगा।

19. क्या IHDA पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करने के लिए लॉटरी प्रणाली का उपयोग करेगा?

- आवेदक ILRPP.ihda.org/status पर अपने आवेदन की स्थिति की जांच करने के लिए अफनी आवेदन आईडी का उपयोग कर सकते हैं। आवेदन आईडी अनुभाग II और खंड III के पहले पृष्ठ पर पाई जा सकती है। कृपया ध्यान दें कि आवेदन स्थिति अपडेट तुरंत उपलब्ध नहीं होंगे।

20. मुझे कब सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

- IHDA को ILRPP सहायता के लिए अत्यधिक मांग की उम्मीद है और वे यथासंभव शीघ्रता से पूर्ण आवेदनों की समीक्षा करेंगे। कहने के लिए आम तौर पर, किरायेदारों और मकान मालिकों को 60 से 90 दिनों के भीतर पता चल जाएगा कि उनके आवेदन को स्वीकार किया गया है या अस्वीकार किया गया है।

21. मुझे कैसे सूचित किया जाएगा कि मेरा आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत हो गया है?

- कार्यक्रम के सभी संचार आवेदन में प्रदान किए गए ईमेल पते पर भेजे जाएंगे। कृपया सुनिश्चित करें कि आप आवेदन से जुड़े ईमेल खातों तक पहुंच बरकरार रखें।

अधिक जानकारी

22. क्या मैं अपने शहर या काउंटी द्वारा प्रस्तावित अन्य आपातकालीन किराया सहायता कार्यक्रमों में आवेदन कर सकता/सकती हूं?

- हां, हालांकि, किरायेदारों को एक ही अवधि के दौरान एक से अधिक स्रोतों से किराये की सहायता नहीं मिल सकती है।

23. **क्या इन अनुदानों का इंतजार करते हुए किरायेदारों को घर से निष्कासित किया जा सकता है?**
    - 30 जून, 2021 तक संघीय निष्कासन विलंबकाल के कारण कोविड-19 के दौरान किराए के गैर-भुगतान के कारण किरायेदारों को घर से निष्कासन से सुरक्षित रखा गया है। यदि आप किरायेदार हैं और निष्कासन का सामना कर रहे हैं, तो कृपया www.IHDA.org पर जाएं और एक किरायेदार घोषणा पत्र को पूरा करें और निषकासन को रोकने के लिए अतिरिक्त सेवाओं के लिए इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज पर जाएं।
24. **मुझे कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अतिरिक्त सहायता कहां से मिल सकती है?**
    - यदि किरायेदार अपने किराए का भुगतान करने के लिए संघर्ष करने के अलावा आर्थिक या सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, तो कृपया इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज पर जाएं और अतिरिक्त चुनौतियों जिनका आप सामना कर रहे हैं के लिए सहायता प्रदान करने वाली एजेंसियों के साथ जुड़ें। ये एजेंसियां खाद्य असुरक्षा, मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य चिंताओं, द्रव्य पदार्थों के उपयोग की चिंताओं, कानूनी चुनौतियों, अप्रवास की चुनौतियों, न्याय भागीदारी और घरेलू हिंसा का सामना करने वाले व्यक्तियों की सहायता के लिए सुसज्जित हैं।
25. **मैं कार्यक्रम से संबंधित प्रश्नों के बारे में किससे संपर्क करूं?**
    - यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या यदि आप अपने आवेदन से जुड़ी किसी भी चीज के बारे में अनिश्चित हैं, तो कृपया www.IHDA.org पर मदद के लिए मौजूद संगठनों की सूची का संदर्भ लें। अतिरिक्त सहायता के लिए इलिनॉय हाउसिंग डेवलपमेंट अथॉरिटी से 1-866-ILHELP-1 (1-866-454-3571) पर संपर्क करें।
26. **अगर मुझे लगता है कि इलिनॉय किराया भुगतान कार्यक्रम के मामले में कोई व्यक्ति IHDA को झूठी जानकारी दे रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिए?**
    - IHDA धोखाधड़ी के सभी आरोपों को गंभीरता से लेता है। यदि आपके पास यह विश्वास करने का कारण है कि आपातकालीन किराये की सहायता प्राप्त करने के प्रयास में कोई व्यक्ति छलपूर्ण जानकारी प्रदान कर रहा है, तो कृपया questions.ilrpp@ihda.org पर यथासंभव जानकारी के साथ संपर्क करें ताकि IHDA मामले की तुरंत छानबीन कर सके। वैकल्पिक रूप से, लोग ऑफ़िस ऑफ़ द ऐगज़ीक्युटिव इंसपेक्यर जनरल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।